आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 15.11.2024
समय 1830

<u>मुख्य समाचार :–</u>

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता जनजातीय समुदायों के लिए शिक्षा, उपचार और रोजगार रही है।
- पीएम स्वनिधि में उत्तराखंड ने हासिल किया शत–प्रतिशत लक्ष्य।
- राज्यपाल गुरमीत सिंह ने जनजातीय समाज से वन संपदा के संरक्षण और जलवायु परिवर्तन के प्रति उनके दृष्टिकोण से प्रेरणा लेने का आग्रह किया।
- राजाजी टाइगर रिजर्व के गेट आज से पर्यटकों के लिए खोले गए।
- गुरु नानक जयंती आज देश–विदेश में धार्मिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनायी गयी।

<u>जनजातीय समुदाय</u>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता जनजातीय समुदायों के लिए शिक्षा, उपचार और रोजगार रही है। प्रधानमंत्री ने बिहार के जमुई जिले से 6 हजार 600 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का अनावरण करते हुए कहा कि सरकार ने विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से जनजातीय समुदायों को मुख्यधारा में शामिल किया है।

श्री मोदी ने कहा कि उनकी सरकार जनजातीय समुदाय की विरासत और संस्कृति को संरक्षित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सरकार ने जनजातीय समुदाय की पारंपरिक और लोक चिकित्सा को संरक्षित किया है और अब विश्व स्वास्थ्य संगठन के साथ मिलकर इसे सुव्यवस्थित करने के लिए काम कर रही है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि उन्होंने पीएम जनमन और धरती आबा जनजातीय उत्कर्ष ग्राम अभियान शुरू किया है। इसमें जनजातियों को सीधा लाभ सुनिश्चित करके अच्छे परिणाम दिए हैं। उन्होंने कहा कि जनजातीय उत्कर्ष ग्राम अभियान के अंतर्गत आदिवासी गांवों के बुनियादी ढांचे के विकास के लिए अस्सी हजार करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।

उन्होंने देश के आदिवासी गौरव, विरासत, संस्कृति और परंपरा के साथ न्याय नहीं करने के लिए पूर्ववर्ती सरकारों की आलोचना की।

<u>पीएम स्वनिधि योजना</u>

सड़क किनारे रेहड़ी–ठेली लगाकर आजीविका कमाने वाले हजारों छोटे कारोबारियों के लिए प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना वरदान साबित हो रही है। इस योजना के तहत उत्तराखंड ने शत–प्रतिशत लक्ष्य को प्राप्त करते हुए 40 हजार से अधिक छोटे व्यापारियों को कारोबार के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की है। यह योजना मुख्य रूप से कोविडकाल में प्रभावित छोटे कारोबारियों को फिर से स्वरोजगार में मदद के लिए शुरू की गई थी। उत्तराखंड में शहरी विकास विभाग इस योजना के लिए नोडल एजेंसी की भूमिका निभाता है। योजना के तहत छोटे कारोबारियों को बिना किसी गारंटी के सुगम ऋण अवधि में कार्यशील

पूंजी के रूप में पहले चरण में 10 हजार, दूसरे चरण में 20 हजार और तीसरे चरण में 50 हजार रुपए का ऋण उपलब्ध कराया जाता है।

गौरव दिवस मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर जामुई में आयोजित कार्यक्रम में देहरादून से वर्चुअल प्रतिभाग किया। इस अवसर पर देहरादून में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने पीएम जनमन योजना के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए। जिसमें प्रधानमंत्री आवास योजना, किसान सम्मान निधि और आयुष्मान कार्ड के लाभार्थी शामिल हैं। श्री धामी ने उधमसिंह नगर के कुल्हा और कोटद्वार के लछमपुर में पीएम जनमन योजना के तहत दो हॉस्टल बिल्डिंग का शिलान्यास भी किया।

गौरव दिवस राजभवन

राज्यपाल गुरमीत सिंह ने जनजातीय समाज से वन संपदा के संरक्षण और जलवायु परिवर्तन के प्रति उनके दृष्टिकोण से प्रेरणा लेने का आग्रह किया। देहरादून स्थित राजभवन में आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल ने आर्थिक रूप से सशक्त होने और सामूहिक प्रयासों से जनजातीय उत्थान की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भारत की सांस्कृतिक विविधता में जनजातीय समाज का महत्वपूर्ण योगदान है, जिनकी अपनी विशिष्ट बोली, खान–पान और पहनावा है। जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर राजभवन में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें देश की विविध जनजातीय संस्कृतियों की अनूठी छटा देखने को मिली। इस कार्यक्रम में प्रदेश की जौनसारी और भोटिया जनजाति के लोगों के साथ ही अरुणाचल प्रदेश, झारखण्ड, त्रिपुरा और नागालैण्ड की जनजातियों ने अपनी सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी समृद्ध परंपराओं और लोक नृत्य का मनमोहक प्रदर्शन किया।

राजाजी टाइगर रिजर्व

राजाजी टाइगर रिजर्व आज से पर्यटकों के लिए खोल दिया गया है। उद्यान के चीला, मोतीचूर, रानीपुर, मोहंड और आशारोड़ी रेंज में पर्यटक वन्यजीवों का दीदार कर सकेंगे। रिजर्व के वार्डन हरीश नेगी ने बताया कि इस बार जंगल सफारी को लेकर सभी काफी उत्साहित हैं। इसके लिए जंगल सफारी कराने वाले वाहन चालकों को प्रशिक्षण दिया गया है। गौरतलब है कि टाइगर रिजर्व में हाथी, तेंदुए और हिरण समेत कई अन्य जानवरों को देखने के लिए बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंचते हैं। हर साल 15 जून को मानसून को देखते हुए टाइगर रिजर्व के गेट बंद कर दिए जाते हैं और मानसून समाप्त होने पर 15 नवंबर को पार्क पर्यटकों के लिए खोल दिया जाता है।

गुरु नानक जयंती

गुरु नानक जयंती आज देश – विदेश में धार्मिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनायी गयी। सिख धर्म की स्थापना करने वाले सिखों के पहले गुरु, गुरु नानक देव जी की जयंती को गुरु पर्व के रूप में भी मनाया जाता है।

राजधानी देहरादून, नैनीताल, चंपावत और ऊधमसिंह नगर सहित राज्य के अन्य हिस्सों में भी ''गुरू पर्व'' पूरी श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून के रेसकोर्स स्थित गुरुद्वारे में मत्था टेक कर प्रदेशवासियों की सुख–समृद्धि के लिए प्रार्थना की। राज्यपाल ने कहा कि गुरु नानक देव जी की शिक्षाओं में निहित 'इक ओंकार सत नाम' का मूल मंत्र सभी के लिए प्रेरणास्रोत है।

चम्पावत जिले के गुरुद्वारा रीठा साहिब और अन्य गरुद्वारों में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर लंगर का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

## कार्तिक पूर्णिमा

कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर आज हरिद्वार की हर की पैड़ी सहित विभिन्न घाटों पर लाखों श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान किया। तीर्थ पुरोहित जितेंद्र शास्त्री का कहना है कि आज के दिन गंगा स्नान और दान आदि करने से विशेष फल की प्राप्ति होती है।

## कायाकल्प अवार्ड चयन

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कायाकल्प कार्यक्रम के तहत बागेश्वर जिला अस्पताल समेत अन्य स्वास्थ्य केंद्रों का कायाकल्प अवार्ड के लिए चयन हुआ है। केंद्र सरकार के कायाकल्प कार्यक्रम में बागेश्वर जिला अस्पताल को बेस्ट ईको फ्रेंडली अस्पताल श्रेणी में पहला स्थान मिला है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कंधार और घेटी को बेस्ट प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की श्रेणी में पहला स्थान प्राप्त हुआ है। ये जानकारी देते हुए मुख्य चिकित्साधिकारी डा. कुमार आदित्य तिवारी ने बताया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कंधार को ये पुरस्कार पांचवीं बार मिल रहा है।

## संक्षिप्त समाचार–

उत्तरकाशी के जिलाधिकारी डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट ने बड़कोट में नवनिर्मित पार्किंग को अविलम्ब नगर पंचायत को हस्तगत करने और नौगांव व मुंगरा में निर्माणाधीन सरफेस व मल्टीलेवल पार्किंग का कार्य तय समय सीमा के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए हैं।

हरिद्वार में गंगा स्नान के लिए जा रही श्रद्धालुओं से भरी एक बस के दुर्घटनाग्रस्त होने से उसमें सवार 25 से अधिक लोग घायल हो गए। घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बस की एक ट्रैक्टर ट्रॉली से भिड़ंत होने के बाद पेड़ से टकरा गई। बस में लगभग 50 यात्री सवार थे।